दिन– बुधवार दिनांक– 04 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– तीन नए आपराधिक कानून देश को गुलामी की मानसिकता से आज़ाद करने के लिए लाया गया है। श्री मोदी ने भारतीय न्याय संहिता को सच्चा सामाजिक न्याय बताया।

02. एनआईए की विशेष अदालत ने महाबोधि मंदिर में हुये बम विस्फोट मामले में तीन दोषियों को सात–सात वर्ष की सजा सुनाई।

03. पैक्स चुनाव के पांचवे और अंतिम चरण के तहत हुये चुनाव की मतगणना जारी। इस चरण में संतावन प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

04. और, प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की सम्भावना।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में तीन नए आपराधिक कानूनों को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने भारतीय न्याय संहिता लागू किए जाने पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सच्चा सामाजिक न्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों का लागू होना उन आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिसकी परिकल्पना हमारे संविधान में की गई थी।

———बाईट———

एक ऐसे समय में जब देश विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है, जब संविधान के 75 वर्ष हुए हैं, तब संविधान की भावना से प्रेरित भारतीय न्याय संहिता का प्रभाव में आना एक बहुत बड़ी शुरुआत है।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून तीन साल के अन्दर पूरे देश में लागू हो जाएंगे।

————————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के लिए स्वघोषणा की समय सीमा एक सौ अस्सी कार्यदिवस के लिए और बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि अब

रैयत को दावा करने के लिए साठ दिन और दावे के निपटारे के लिए साठ दिन का समय मिलेगा।

–––बाईट–––

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने शंकर नेत्रालय फाउंडेशन को पटना में आंखों के इलाज के लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खोलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

–––बाईट–––

राज्य मंत्रिमंडल ने सभी राजकीय आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक और यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल में रोगियों को उपचार की अवधि में जीविका के तहत दीदी की रसोई के माध्यम से भोजन उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही उत्तर बिहार में तीन बिजली परियोजनाओं को भी स्वीकृति दे दी है। कैबिनेट ने पटना स्थित सिन्हा लाईब्रेरी के नये भवन के निर्माण के लिए सड़सठ करोड़ साठ लाख और अक्षर आंचल योजना के लिए आठ सौ नब्बे करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। पटना स्थित  सिन्हा लाइब्रेरी को सात मंज़िला बनाया जाएगा। मंत्रिमंडल ने सहरसा जिले के मत्स्यगंधा झील और उसके आस–पास पर्यटकीय सुविधाएं बढ़ाने के लिए अंठानवे करोड़ पैंसठ लाख रूपये खर्च करने को मंजूरी दे दी है।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने लोगों की परेशानियों को देखते हुये भूमि सर्वेक्षण को लेकर कई बदलाव किये हैं। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जयसिंह ने बताया कि किस्तवार की समाप्ति या एक सौ अस्सी कार्य दिवस जो पहले हो तक रैयत स्वघोषणा दाखिल कर सकते हैं।

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

शिक्षा विभाग ने वर्ष दो हजार पच्चीस का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार अगले वर्ष सरकारी विद्यालयों में बहत्तर दिनों की छुट्टी होगी। विभाग ने कैलेंडर में  शीतकालीन छुट्टी को भी मंजूरी दी है। अगले वर्ष पच्चीस दिसम्बर से इकतीस दिसम्बर के बीच विद्यालयों में शीतकालीन छुट्टी रहेगी। वहीं, दो जून से इक्कीस जून तक गर्मी की छुट्टियां रहेंगी। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार लम्बी छुट्टी के दौरान शिक्षक बच्चों को गृह कार्य और प्रोजेक्ट के लिए टास्क भी देंगे तथा अवकाश के बाद उनके कार्यों का मूल्यांकन भी करेंगे।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

शिक्षा विभाग ने अगले कैलेंडर वर्ष से सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में पहली से बाहरवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा की व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। अब अगले वर्ष जनवरी महीने से आंतरिक मूल्यांकन के लिए साप्ताहिक परीक्षा विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी। वहीं, पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा का आयोजन राज्य शिक्षा शोध और प्रशिक्षण परिषद द्वारा किया जाएगा। साथ ही नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा का आयोजन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से किया जाएगा।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए की पटना स्थित विशेष अदालत ने बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में हुये बम विस्फोट और बमों की बरामदगी के मामले में तीन दोषियों को सात–सात वर्ष की कारावास कि सजा सुनाई है। अदालत ने सब पर दस–दस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश अभिजीत सिन्हा ने सजा की बिन्दुओं पर फिर से सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया है। गौरतलब है कि सात वर्ष पूर्व महाबोधि परिसर में बम विस्फोट की घटना हुई थी।

———————————————————————————

प्रदेश में पैक्स चुनाव के पांचवे और अंतिम चरण के तहत हुये मतदान की मतगणना आज हो रही है। मतगणना को लेकर केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। इस चरण में तैंतीस जिलों के एक सौ सात प्रखंडों के एक हजार अंठानवे पैक्स के लिए कल मतदान हुआ था। कल संतावन प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

———————————————————————————

प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान दस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की सम्भावना है, हालांकि न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर बना रहेगा। इसके साथ ही गया, खगड़िया, दरभंगा, मधुबनी, अरवल, भोजपुर समेत राज्य के विभिन्न भागों में सुबह और शाम के समय मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा।

———————————————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रखंड कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन प्रखंड सह अंचल कार्यालयों के भवन के लिए जमीन नहीं है, उन्हें शीघ्र जमीन आवंटित की जाय। श्री मीणा ने पुराने और जर्जर प्रखंड कार्यालयों की जगह पर नया कार्यालय भवन बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा के तहत पंचायतों में बनने वाले खेल मैदान को लेकर लेआउट के साथ सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया।

---

राज्य स्वास्थ्य समिति के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सीएचओ की ऑनलाईन परीक्षा के दौरान कम्प्यूटर से छेड़छाड़ के मामले में आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने पटना और दानापुर के कई इलाकों में छापेमारी की। इस दौरान कई दस्तावेज जब्त किये गये हैं। गौरतलब है कि गड़बड़ी के आरोप में इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था और जांच की जिम्मेवारी ईओयू को सौंपी गयी थी।

---

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत नगर निकायों में आवास बनाने के लिए दो सौ छब्बीस करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है। नगर विकास और आवास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह राशि लाभुकों को दूसरी किस्त के रूप में दी जायेगी। यह राशि व्यक्गित पात्रता वाले परिवारों को अपनी भूमि पर नये मकान बनाने के लिए दी जायेगी।

---

भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा है कि सरकारी भवनों, अतिथि गृह और निरीक्षण भवनों की बुकिंग अब ऑनलाईन माध्यम से करायी जा सकती है। श्री राज ने पटना में ऑनलाईन बुकिंग के लिए पोर्टल का लोकार्पण करते हुये कहा कि इन सरकारी भवनों की आम लोग भी बुकिंग करवा सकते हैं। सरकार ने इनके लिए किराया भी तय कर दिया है। मंत्री ने कहा कि इस फैसले से सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। साथ ही राज्य में पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

---

राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद की बैठक में निवेश के आठ प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है। इसके तहत विभिन्न योजनाओं के लिए एक सौ तिरानवे करोड़ रूपये निवेश किये जायेंगे। उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी ने पर्षद की बैठक के बाद कहा कि इसके अलावा दो करोड़ रूपये तक पूंजी निवेश के एक और प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गयी है।

———————————————————————————

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो आज श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से पीएसएलवी– सी–उनसठ मिशन का प्रक्षेपण करेगा। प्रक्षेपण शाम चार बजकर आठ मिनट पर किया जाएगा। पीएसएलवी सी–उनसठ से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा–तीन उपग्रहों का प्रक्षेपण होगा। प्रोबा–तीन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का कक्षा निरूपण मिशन है। ये उपग्रह सूर्य के प्रभामंडल, इसके आस–पास के वातावरण, अंतरिक्ष के मौसम और सौर पवन का अध्ययन करेंगे।

———————————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक क्षेत्र के लिए उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए व्यापक इंतजाम किये हैं। आयोग ने पटना में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिसका दूरभाष नम्बर– शून्य – छह – एक – दो –– दो– दो– एक– पांच– छह– एक– एक है।

———————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में खेली जा रही बत्तीसवीं राष्ट्रीय जूनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता के सेबर व्यक्तिगत स्पर्धा में हरियाणा की आखिरी ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, ईपी व्यक्तिगत स्पर्धा के बालक वर्ग में पंजाब के बलराम जोशी ने स्वर्ण पदक जीता है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के निर्णय से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– जमीन सर्वे, कागजात इकतीस मार्च तक जमा होंगे।

दैनिक जागरण लिखता है– बोधगया विस्फोट मामले में तीन आरोपितों को सात साल की सजा।

दैनिक भास्कर ने झारखंड से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– मंत्रिमंडल का विस्तार कल, राजभवन में दोपहर साढ़े बारह बजे मंत्री लेंगे शपथ।

प्रभात खबर की सुर्खी है– बिहार बोर्ड ने मैट्रिक और इंटर के पचहत्तर टॉपरों को किया सम्मानित।

राष्ट्रीय सहारा ने आईपीएस अधिकारियों के तबादले पर लिखा है– कुंदन कृष्णन बने एडीजी मुख्यालय।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– तीन नए आपराधिक कानून देश को गुलामी की मानसिकता से आज़ाद करने के लिए लाया गया है। श्री मोदी ने भारतीय न्याय संहिता को सच्चा सामाजिक न्याय बताया।

02. एनआईए की विशेष अदालत ने महाबोधि मंदिर में हुये बम विस्फोट मामले में तीन दोषियों को सात–सात वर्ष की सजा सुनाई।

03. पैक्स चुनाव के पांचवे और अंतिम चरण के तहत हुये चुनाव की मतगणना जारी। इस चरण में संतावन प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

04. और, प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की सम्भावना।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।